राजधानी में नर्सिंग छात्रों का प्रदर्शन व धरना, डिग्री और परीक्षा की मांग

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हजारों नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने सोमवार को नीलम पार्क में धरना प्रदर्शन किया। छात्रों ने नर्सिंग शिक्षा से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए कहा कि पिछले करीब छह साल से उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है।

प्रदर्शन में बीएससी नर्सिंग और जीएनएम पाठ्यक्रम के विद्यार्थी शामिल हुए। छात्रों का आरोप है कि समय पर परीक्षाएं आयोजित नहीं होने, डिग्री और रजिस्ट्रेशन नंबर जारी नहीं होने तथा छात्रवृत्ति में देरी के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों ने कहा कि कॉलेजों की मान्यता से जुड़ी प्रक्रिया और उसकी वैधता की जिम्मेदारी विद्यार्थियों की नहीं है। यदि किसी कॉलेज को गलत तरीके से मान्यता दी गई है तो इसकी जवाबदेही शासन-प्रशासन और कॉलेज प्रबंधन की होनी चाहिए। छात्रों का कहना है कि अनियमितताओं का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि नर्सिंग मामले की जल्द सुनवाई कर छात्रों के हित में निर्णय लिया जाए। बीएससी नर्सिंग और जीएनएम के सभी विद्यार्थियों की परीक्षाएं बिना देरी आयोजित करने, बैच 2020-21 के छात्रों को दिसंबर 2026 तक डिग्री और रजिस्ट्रेशन नंबर उपलब्ध कराने तथा छात्रवृत्ति संबंधी समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई।

बीएमएस ने सौंपा ज्ञापन

श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 30 हजार करने की मांग

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय मजदूर संघ ने श्रमिकों और कर्मचारियों से जुड़े 57 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर में धरना प्रदर्शन कर कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा। संघ ने राज्य और केंद्र सरकार से श्रमिक हित में विभिन्न निर्णय लेने की मांग की है।

ज्ञापन में श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने, कर्मचारी राज्य बीमा निगम की वेतन सीमा 21 हजार से बढ़ाकर 42 हजार रुपये करने, कर्मचारी भविष्य निधि की सीमा 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपये करने और ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है।

संघ ने आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नीति बनाने, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को 10 वर्ष की सेवा पूरी होने पर स्थायी कर्मचारी घोषित करने और उन्हें नियमित कर्मचारियों के समान लाभ देने की मांग की है। आठ घंटे कार्य करने वाले आकस्मिक कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन देने तथा सुरक्षा गार्ड, चौकीदार, माली और अन्य श्रेणी के कर्मचारियों के लिए सेवा सुरक्षा प्रावधान लागू करने की मांग भी रखी गई है।

ज्ञापन में कृषि मंडियों के हम्मालों, तुलावटियों, ग्रामीण श्रमिकों, अतिथि शिक्षकों, मिड-डे मील रसोइयों और संविदा कर्मचारियों से जुड़ी मांगें भी शामिल हैं। संघ ने पंचायत सचिवों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, बिजली कंपनियों के आउटसोर्स कर्मचारियों और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा देने की मांग की है।

57 सूत्रीय मांगों में वेतन सीमा बढ़ाने और सेवा सुविधाओं में सुधार की मांग

आईटीआई को आधुनिक कौशल से रोजगारोन्मुख बनाएंगे : टेटवाल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कोलकाता में आयोजित राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कौशल मंत्रियों के क्षेत्रीय सम्मेलन में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल ने किया।

सम्मेलन में प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआईज योजना पर चर्चा हुई। मंत्री टेटवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश का संकल्प प्रत्येक आईटीआई को आधुनिक कौशल से जोड़कर रोजगारोन्मुख बनाना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कौशल प्रशिक्षण को युवाओं और उद्योगों की जरूरतों के अनुसार लगातार बेहतर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आईटीआई उन्नयन और प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने में पीएम-सेतु योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मध्यप्रदेश में 940 आईटीआई के माध्यम से मजबूत कौशल तंत्र विकसित किया गया है। राज्य में औद्योगिक जरूरतों के अनुसार नए ट्रेड, डिजिटल सुविधाएं और रोजगार आधारित प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

कोलकाता सम्मेलन में मध्यप्रदेश ने कौशल विकास मॉडल और उपलब्धियों को किया प्रस्तुत

उच्च शिक्षा में 16 को रजिस्ट्रार पद पर पदोन्नति

छात्रावास प्रबंधक और मुख्य लिपिकों को लेवल-12 का वेतनमान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत छात्रावास प्रबंधकों और मुख्य लिपिकों को पदोन्नति देते हुए रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्त किया है।

शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार 16 कर्मचारियों को स्थानापन्न रूप से आगामी आदेश तक रजिस्ट्रार पद का कार्यभार सौंपा गया है। विभाग में रजिस्ट्रार के पद पर पदोन्नति करीब तेरह वर्ष बाद हुई है। वर्तमान में प्रदेश के अधिकांश महाविद्यालय रजिस्ट्रार विहीन हैं। पदोन्नत अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से वेतनमान लेवल-12 यानी 56,100 से 1,77,500 रुपये का लाभ मिलेगा।

पदोन्नति पाने वालों में शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय भोपाल के छात्रावास प्रबंधक एमएल मंगरोलिया, रामानंद संस्कृत महाविद्यालय भोपाल के मुख्य लिपिक दिलीप तिवारी, सरोजनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय भोपाल की मुख्य लिपिक तरुलता शर्मा और हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल के मुख्य लिपिक राकेश शर्मा शामिल हैं। इसके अलावा शासकीय महाविद्यालय कन्नौद के मुख्य लिपिक केएल उपाध्याय, शा. महाविद्यालय पोलायकला के मुख्य लिपिक आनंद कुमार चौधरी, शा. महाविद्यालय नरैला के मुख्य लिपिक संतोष कुमार सक्सेना, गीतांजली कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय भोपाल की मुख्य लिपिक ज्योति केने, शा. कन्या महाविद्यालय गुना के मुख्य लिपिक डॉ. केवी बुनकर और शा. महाविद्यालय पलेरा के मुख्य लिपिक किशोरीलाल चड़ार को भी पदोन्नति दी गई है।

शा. महाविद्यालय राजगढ़ के मुख्य लिपिक नारायण प्रसाद संजोदिया, शासकीय कन्या महाविद्यालय झाबुआ की मुख्य लिपिक तारा बिलवाल, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के मुख्य लिपिक पीएस उईके, शासकीय शहीद केदारनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज के मुख्य लिपिक शारदा प्रसाद सोनी, शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी के मुख्य लिपिक राकेश कुमार दुबे और शासकीय कन्या महाविद्यालय छतरपुर के मुख्य लिपिक छोटेलाल प्रजापति भी पदोन्नत किए गए हैं।

पदोन्नत कर्मचारी वर्तमान में जिस महाविद्यालय में पदस्थ हैं, वहीं उच्च पद पर प्रावधिक रूप से कार्यभार ग्रहण करेंगे। नवीन पदस्थापना के आदेश अलग से जारी किए जाएंगे। इसके बाद संबंधित महाविद्यालय में पदस्थापना के अनुसार कार्यभार ग्रहण किया जाएगा।

गुरु रविदास जयंती वर्ष के कलश वितरण समारोह की तैयारियों की समीक्षा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को भोपाल स्थित निवास पर संत शिरोमणि गुरु रविदास के 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय कलश वितरण समारोह की तैयारियों को लेकर प्रदेश टोली के साथ बैठक की। बैठक में पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, प्रदेश महामंत्री एवं अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं अभियान के प्रदेश सह संयोजक भगवान परमार तथा विधायक प्रदीप लारिया सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

एमपी ट्रांसको के शिवपुरी डिवीजन ने हासिल की राज्य स्तरीय ट्रॉफी

नप्र, भोपाल : मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी के शिवपुरी टेस्टिंग डिवीजन को वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए राज्य स्तरीय सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जबलपुर स्थित विद्युत कंपनियों के मुख्यालय में आयोजित समारोह में कार्यपालन अभियंता अजीत वर्मा ने डिवीजन की ओर से ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। यह सम्मान प्रदेश के 45 ट्रांसमिशन टेस्टिंग डिवीजनों के बीच बेहतर प्रदर्शन के आधार पर दिया गया। डिवीजन ने अपने नियमित परीक्षण और तकनीकी दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के साथ कर्मचारियों के कौशल विकास और सतत प्रशिक्षण पर भी जोर दिया।

नवनियुक्त भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारियों को दी शुभकामनाएं

नप्र, भोपाल : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने प्रदेश के पार्टी नेताओं को राष्ट्रीय पदाधिकारी बनाए जाने पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी मिलना प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गौरव का विषय है। इससे मध्यप्रदेश भाजपा का संगठनात्मक प्रभाव और कद राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगा। हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और संगठन में मिलने वाला दायित्व कार्यकर्ताओं के समर्पण, परिश्रम, निष्ठा और प्रतिबद्धता का सम्मान है। मप्र भाजपा की कार्यपद्धति, संगठनात्मक अनुभव और मजबूत संगठन की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और सुदृढ़ होगी।

पूर्व विधायक श्रीमती सुशीला ठाकुर के निधन पर दुःख व्यक्त

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विदिशा विस क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती सुशीला देवी ठाकुर के निधन पर दुःख व्यक्त कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। डॉ. यादव ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

अंधे हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा

अंडकोष बेचने की साजिश में किशोर की हत्या

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के छोटे तालाब स्थित धोबीघाट क्षेत्र में मिले अज्ञात किशोर के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर बताया कि किशोर की हत्या उसके अंडकोष निकालकर बेचने और इसके बदले करोड़ों रुपये कमाने की लालच में की गई थी। मामले में दो वयस्क आरोपियों और तीन विधि विरुद्ध बालकों को हिरासत में लिया गया है। वहीं, कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चार अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ की जा रही है।

चार अन्य संदिग्धों से पूछताछ

पुलिस जांच अब सिर्फ पांच आरोपियों तक सीमित नहीं है। कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी जानकारी के आधार पर चार अन्य लोगों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। इनमें तीन पुरुष और एक महिला शामिल बताई जा रही है। पुलिस इनका मुख्य आरोपियों से संपर्क और घटना में संभावित भूमिका की जांच कर रही है। कुछ संदिग्धों के कथित तौर पर ईरानी गिरोह से संबंध होने की बात भी सामने आई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

करोड़ों रुपये कमाने का दिया गया लालच

जांच में सामने आया कि जोहेब खान ने करीब एक माह पहले एक विधि विरुद्ध बालक से दोस्ती की थी। पुलिस के मुताबिक, जोहेब खुद को मेडिकल की पढ़ाई करने वाला बताता था और एप्रन व स्टेथोस्कोप लगाकर मिलता था। उसने एक वीडियो दिखाकर शरीर से निजी अंग निकालने का तरीका बताया और दावा किया कि इन्हें बेचकर करीब 1.20 करोड़ रुपये तक कमाए जा सकते हैं। इसके बाद कथित साजिश में अन्य लोगों को शामिल किया गया। हत्या के बाद आरोपियों ने मृतक के शरीर से अंडकोष निकालकर उन्हें प्लास्टिक की थैली में रखा। पुलिस के अनुसार, उन्हें बेचने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई खरीदार नहीं मिला। बाद में इन अंगों को वापस तालाब में फेंक दिया गया।

इकबाल मैदान से बहाने से ले गए, धोबीघाट पर हत्या

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान करीब 16-17 वर्षीय रेहान के रूप में हुई है। वह इकबाल मैदान, रेतघाट, कमला पार्क, बस स्टैंड और रॉयल मार्केट क्षेत्र में पेन व चाबी के छल्ले बेचता था। पुलिस जांच के मुताबिक 6 अगस्त को दो विधि विरुद्ध बालक उसे यह कहकर अपने साथ ले गए कि खटलापुरा के पास कुछ लड़कों से विवाद हुआ है और वहां लड़ाई करने जाना है। इसके बदले उसे 100 रुपये देने की बात कही गई थी। रास्ते में आमिर और अन्य साथी भी उनके साथ जुड़ गए। इसके बाद रेहान को गिन्नौरी और किलोल पार्क होते हुए छोटे तालाब के धोबीघाट की ओर ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक, वहीं देर रात चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई।

टैटू से हुई मृतक की पहचान

10 अगस्त को छोटे तालाब के धोबीघाट के पास अज्ञात शव मिलने के बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम में शरीर पर चोट के निशान मिलने के बाद हत्या का मामला दर्ज किया गया। मृतक की पहचान पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी। 15 अगस्त को रानी शाह ने बाएं हाथ पर बने टैटू और अन्य निशानों के आधार पर शव की पहचान अपने बेटे रेहान के रूप में की। पुलिस के अनुसार, मृतक के किडनी सहित अन्य प्रमुख अंग शरीर में मौजूद पाए गए हैं। फिलहाल जांच का मुख्य बिंदु अंडकोष निकालने और उन्हें बेचने की कथित साजिश है। पुलिस संभावित खरीदार, साजिश के पीछे मौजूद लोगों और अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक भोपाल में इस तरह का मामला सामने आना बेहद असामान्य है।

फिर शुरू हुई खाद बिक्री किसानों को मिली राहत

नप्र, भोपाल : प्रदेश में दो दिन से बंद खाद बिक्री को सोमवार से फिर शुरू कर दिया गया है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने सभी संबंधित खाद विक्रय एजेंसियों को खाद बिक्री शुरू करने के निर्देश जारी किए हैं। विभाग के सचिव निशांत वरवड़े ने इस संबंध में आदेश जारी किए। 14 अगस्त को खाद वितरण व्यवस्था में आईएफएमएस पोर्टल और प्रदेश के खाद विक्रेताओं के स्टॉक का मिलान करने के लिए बिक्री रोक दी गई थी। सरकार ने कहा था कि 16 अगस्त तक स्टॉक मिलान की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, जिसके बाद 17 अगस्त से खाद वितरण शुरू होगा। खाद बिक्री बंद रहने का असर प्रदेश के करीब 82 लाख पंजीकृत किसानों पर पड़ा था। यह रोक विपणन संघ, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों, एमपी एग्रो और निजी उर्वरक विक्रेताओं के बिक्री केंद्रों पर लागू की गई थी। आदेश का पालन कराने की जिम्मेदारी कलेक्टरों और संबंधित विभागीय अधिकारियों को दी गई थी। खरीफ सीजन में फसलों की बढ़वार के साथ किसानों को यूरिया सहित अन्य खाद की आवश्यकता होती है। प्रदेश में करीब 152 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती होती है। धान सहित अन्य फसलों के लिए समय पर खाद उपलब्ध होना जरूरी है। खाद बिक्री रोकने के निर्णय का किसान संगठनों ने विरोध किया था।

पांच तहसीलदारों को मिला डिप्टी कलेक्टर पद

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः प्रदेश में विभागीय जांच के कारण लंबे समय से लंबित अधिकारियों की पदोन्नति प्रक्रिया पूरी हो गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने अलग-अलग आदेश जारी कर तीन संयुक्त कलेक्टरों को अपर कलेक्टर और पांच तहसीलदार एवं एसएलआर अधिकारियों को डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति दी है।

विभागीय जांच में क्लीनचिट मिलने के बाद इन अधिकारियों को पदोन्नति का लाभ दिया गया है। सभी अधिकारियों को एक जनवरी 2026 से पदोन्नत माना जाएगा, जबकि वेतन और भत्तों का वास्तविक लाभ जुलाई 2026 से मिलेगा।

संयुक्त कलेक्टर जेपी गुप्ता, मणिंद्र कुमार सिंह और सेवानिवृत्त अधिकारी कौशल सिंह गौर को अपर कलेक्टर पद पर पदोन्नति दी गई है। इनमें से कुछ अधिकारियों को विभागीय जांच के कारण पदोन्नति नहीं मिल सकी थी।

वहीं पांच तहसीलदार और एसएलआर अधिकारियों वैद्यनाथ वासनिक, विवेक गुप्ता, नवनीत कुमार शर्मा, नरेश चंद्र गुप्ता और संजय कुमार जैन को डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नत किया गया है। इन्हें यथावत पदस्थ रखा गया है।

इसके अलावा तीन डिप्टी कलेक्टरों राकेश सिंह मरकाम, संतोष कुमार तिवारी और रवीश कुमार श्रीवास्तव को संयुक्त कलेक्टर पद पर पदोन्नति दी गई है। इन्हें क्रमशः एक जनवरी 2018, एक जनवरी 2019 और एक जनवरी 2023 से काल्पनिक वेतनमान का लाभ दिया गया है।

दो डिप्टी कलेक्टरों की नौ साल से लंबित परिवीक्षाधीन अवधि भी समाप्त कर उन्हें नियमित डिप्टी कलेक्टर घोषित किया गया है।

डिंडौरी ने कृषि योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में रचा कीर्तिमान

नप्र, भोपाल : प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के क्रियान्वयन में डिंडौरी जिले ने देश के 100 चयनित जिलों में जुलाई माह में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित 36 योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और बेहतर समन्वय से हासिल हुई।

पूजा के घी पर खाद्य विभाग की कार्रवाई, 51 लीटर जब्त

नप्र, भोपाल : आगामी त्यौहारों और धार्मिक आयोजनों को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने पूजन सामग्री की गुणवत्ता जांचने का अभियान शुरू किया है। सोमवार को विभाग की टीम ने कोलार रोड के बीमाकुंज स्थित अंशिका एंटरप्राइजेज पर कार्रवाई करते हुए 51 लीटर घी जब्त किया। घी के दो नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि पूजा में इस्तेमाल होने वाले घी में किस प्रकार की वसा का उपयोग किया गया है, इसकी जांच कराई जाएगी। प्रयोगशाला में यह भी जांच होगी कि घी निर्धारित मानकों के अनुरूप है या नहीं। इसके अलावा इसमें वनस्पति, पशु या किसी अन्य प्रकार की चर्बी की मिलावट तो नहीं है, इसका भी परीक्षण किया जाएगा। विभाग के अधिकारियों के अनुसार पूजा सामग्री बेचने वाले केंद्रों, सामान्य दुकानों और संबंधित प्रतिष्ठानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान का मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में श्री गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान एवं कलश यात्रा का शुभारंभ करेंगे।

कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों के लिए पावन कलश रवाना किए जाएंगे। प्रदेश में 18 अगस्त से अभियान के तहत सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 20 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों पर कलश वंदन एवं सम्मान समारोह होंगे। इसके बाद पावन कलशों को कलश रथ के माध्यम से स्थानीय रविदास मंदिरों और ग्राम स्तर तक पहुंचाया जाएगा। प्रत्येक जिले में 20 अगस्त से 10 सितंबर तक कलश रथ यात्रा निकाली जाएगी।

अभियान के दौरान सामूहिक आरती, गुरुवाणी पाठ, भजन संध्या, समरसता संकल्प और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक श्री गुरु रविदास महाराज समरसता यात्रा प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। इसके साथ ही 18 से 31 अगस्त तक संत संपर्क कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

वाहन रैली *देशभक्ति के नारों के साथ नागरिकों को 'हर घर तिरंगा' के लिए किया जागरूक*

तिरंगा वाहन रैली निकालकर पुलिस ने दिया राष्ट्रप्रेम का संदेश

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भोपाल पुलिस कमिश्नरेट की ओर से शनिवार को तिरंगा वाहन रैली निकाली गई। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर मोनिका शुक्ला और अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर शैलेन्द्र सिंह चौहान ने कमिश्नर कार्यालय परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

तिरंगे से सजे वाहनों के साथ पुलिस अधिकारी और जवान रैली में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने देशभक्ति के नारे लगाए और नागरिकों को राष्ट्रप्रेम तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का संदेश दिया।

रैली कमिश्नर कार्यालय से शुरू होकर कंट्रोल रूम तिराहा, जेल रोड, एमपी नगर थाना तिराहा, शौर्य स्मारक, व्यापम चौराहा, लिंक रोड नंबर एक, अपैक्स बैंक तिराहा और रोशनपुरा चौराहा होते हुए बाणगंगा पहुंची। इसके बाद पॉलीटेक्निक चौराहा, रेतघाट, वीआईपी रोड और करबला होते हुए लालघाटी चौराहा पहुंची।

लालघाटी से रैली वीआईपी रोड, रेतघाट, कमला पार्क और लोक भवन होते हुए वापस कमिश्नर कार्यालय पहुंची, जहां इसका समापन हुआ।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com